# महापौर, कलेक्टर, निगमायुक्त, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त ने किया अनंत चतुर्दशी जुलूस मार्ग का निरीक्षण

नव भारत न्यूज

**इंदौर. शहर के सांस्कृतिक आयोजन अनंत चतुर्दशी चल समारोह पर निकलने वाली झांकियों को लेकर अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने तैयारियों का जायजा लिया. इस दौरान झांकियों की सुरक्षा, सड़कों के गड्ढे और अन्य प्रशासनिक व्यवस्थाओं को लेकर मार्ग का निरीक्षण भी किया. सभी अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने एक बस में बैठकर मार्ग का निरीक्षण किया और जगह जगह रुक कर चर्चा की.**

आज सुबह महापौर पुष्यमित्र भार्गव, कलेक्टर आशीष सिंह, आयुक्त नगर निगम शिवम वर्मा, अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर अमित सिंह सहित महापौर परिषद के सदस्य और सभी विभागीय अधिकारियों ने बस में सवार होकर झांकी मार्ग का निरीक्षण किया. निरीक्षण की शुरुआत डीआरपी लाइन से हुई. इसके बाद भंडारी ब्रिज चौराहा, श्रम शिविर, चिकमंगलूर चौराहा, जेल रोड, एमजी रोड, कृष्णपुरा छत्री, नंदलालपुरा रोड, जवाहर मार्ग, गुरुद्वारा चौराहा, बम्बई बाजार, कपड़ा मार्केट, सीतलामाता बाजार, खजूरी बाजार रोड और राजबाड़ा तक



पूरे झांकी मार्ग का जायजा लिया. इस दौरान जगह-जगह रुककर तैयारियों का निरीक्षण किया गया. निरीक्षण के दौरान महापौर परिषद सदस्य नंदकिशोर पहाड़िया, राजेंद्र राठौर, निरंजन सिंह चौहान अश्विनी शुक्ल, अभिषेक शर्मा, राजेश उदावत, मनीष शर्मा, अपर आयुक्त रोहित सिसोनिया, एडीएम रोशन राय, अभय राजनगांवकर, नरेंद्र नाथ पांडे सहित कई विभागों के अधिकारी उपस्थित थे.

### विशेष इमरजेंसी दल तैनात रहेगा

आयुक्त नगर निगम शिवम वर्मा ने बताया कि अनंत चतुर्दशी के दिन नगर निगम में विशेष इमरजेंसी दल तैनात रहेगा. जो मार्ग की सफाई और अन्य आपात कार्यों के लिए हर वक्त तैयार रहेगा. अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अमित सिंह ने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया. उन्होंने कहा कि झांकी मार्ग पर सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी. भीड़ नियंत्रण के लिए बैरिकेडिंग और पुलिस बल की पर्याप्त तैनाती होगी.

### जर्जर भवनों पर चेतावनी बोर्ड लगाएं

कलेक्टर आशीष सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जर्जर भवनों की तुरंत पहचान कर उन पर चेतावनी बोर्ड लगाए जाएं. विद्युत तारों और अनावश्यक केबल-वायर को हटाने की कार्यवाही की जाए. झांकी मार्ग पर किसी भी प्रकार की बाधा जैसे ठेले, गुमटियां, शेड आदि न रहे. आपात स्थिति में त्वरित चिकित्सा, एम्बुलेंस और अग्निशमन वाहनों की उपलब्धता हर हाल में सुनिश्चित की जाए.

### *संस्कृति, आस्था का विराट उत्सव*

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि इंदौर की झांकियां सिर्फ धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति आस्था का विराट उत्सव हैं. नगर निगम झांकियों की व्यवस्थाओं को सर्वोत्तम बनाने के लिए हर संभव प्रयास करेगा.

## एक नजर में

### डॉ. बिंदल को दिया जाएगा आईएमए का चरक अवार्ड



इंदौर. इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) मध्यप्रदेश स्टेट ब्रांच ने एमजीएम मेडिकल कॉलेज इंदौर की पूर्व डीन डॉ. ज्योति बिंदल को वर्ष 2024-25 के लिए प्रतिष्ठित 'चरक अवार्ड' के लिए चयनित किया है. आईएमए एमपी स्टेट ब्रांच की अवार्ड समिति ने सर्वसम्मति से उनका नाम तय किया. यह अवार्ड 4-5 अक्टूबर 2025 को बालाघाट में आयोजित होने वाले 67वें वार्षिक चिकित्सा सम्मेलन में प्रदान किया जाएगा. आयोजन सचिव डॉ. विक्की खोब्रागड़े ने बताया, यह सम्मान चिकित्सा क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया जा रहा है.

### भक्तमाल परंपरा के सूत्रधार नाभादास का पुण्य स्मरण

इंदौर. श्रीमध्य भारत हिंदी साहित्य समिति में गोस्वामी तुलसीदास के समकालीन राम भक्त नाभादास का स्मरण किया गया. उन्होंने रामाष्टयाम और हिंदी में भक्तमाल परंपरा का सूत्रपात किया और सर्वश्रेष्ठ भक्तमाल हिंदी साहित्य को दिया. यह संयोजक डॉ. पद्मा सिंह ने नाभादास पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा भक्तमाल में एक ही छप्पय के छः चरणों में एक कवि का पूरा परिचय समास शैली में है यही उनकी शैली की विशेषता है. दिलीप नीमा ने कहा भक्तमाल पर जो टीकाएँ लिखीं गई उनमें पहली प्रसिद्ध टीका - प्रियादास की भक्तिरस बोधिनी है. डॉ अखिलेश राव ने कहा कि नाभाजी की भक्तमाल अन्य भक्तमालाओं की प्रेरणा बनी. इसमें भक्त कीर्तन को भी हरिकीर्तन माना है, इसमें भक्तों कीअलौकिक तत्वों से युक्त कथाएं हैं. भरत उपाध्याय ने कहा कि नाभादासजी संस्कृत काव्यशास्त्र, छंद शास्त्र आदि के अच्छे ज्ञाता थे. उन्होंने भक्तों के परिचय में जिस छप्पय और समास शैली का परिचय दिया है वह उनके गंभीर चिंतन व विद्वता का परिणाम है. 200 भक्तों के परिचय में उनकी रचना शैली, काव्य कला, उपासना पद्धति की विशेषताओं के साथ अष्टयाम तथा राम भक्ति विषयक पद हैं जिसकी भाषाशैली प्रांजल और भावपूर्ण है।कार्यक्रम में श्याम सिंह, किशोर यादव, अमरसिंह, किशोर पंवार आदि अनेक वरिष्ठ साहित्य सेवी उपस्थित थे. आभार अर्थमंत्री राजेश शर्मा ने माना.

### अमेजन फ्रेश का लोकल डिलाइट्स स्टोर

इंदौर. ओणम से लेकर गणेश चतुर्थी और नवरात्रि से लेकर दिवाली तक, भारत के हर त्योहारी जश्न में खास व्यजनों का स्वाद बहुत ही जरूरी होता है। अमेजन फ्रेश का लोकल डिलाइट्स स्टोर घर जैसी असली महक और स्वाद आपकी रसोई तक पहुंचाता है. भारत में खानपान की परंपरा सदियों पुरानी है। इसी खानपान का आनंद उठाने के लिए ही लोकल डिलाइट्स स्टोर का खासतौर पर तैयार किया गया है. 170 से भी ज़्यादा शहरों में उपलब्ध इस स्टोर पर त्योहारों से जुड़ी सभी जरूरी चीज़ें, हर राज्य के खास व्यंजन और रोजमर्रा के सामान - बेहतरीन कीमतों पर और सिर्फ2 घंटे में आपके घर पर उपलब्ध होगी. अमेजन फ्रेश इंडिया के निदेशक श्रीकांत श्री राम ने कहा, भारत के त्योहारों में व्यंजन, परिवार और परंपराओं की बड़ी अहमियत है। इसीलिए अमेजन फ्रेश के साथ, हम ग्राहकों के लिए उनके पसंदीदा क्षेत्रीय व्यंजनों का मजा उठाना पहले से कहीं ज्यादा आसान बनाने का प्रयास कर रहे हैं. हमारे लोकल डिलाइट्स स्टोर के साथ, ग्राहक कम कीमत पर असली स्थानीय उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला की खरीदारी कर सकते हैं.

### द ट्रायल सीज़न 2 में काजोल की दमदार वापसी

इंदौर. बहुप्रतीक्षित वेब सीरीज़ 'द ट्रायल : प्यार, क़ानून, धोखा' सीजन 2 का ट्रेलर रिलीज़ हो चुका है. शो में नोयोनिका सेनगुप्ता के रूप में काजोल की वापसी पहले से भी ज़्यादा दमदार, गहन और भावनाओं से भरी नज़र आ रही है. उमेश बिष्ट के निर्देशन और बनिजय एशिया के निर्माण में बना यह शो 19 सितम्बर से जियोहॉटस्टार पर विशेष तौर पर स्ट्रीम होगा. कोर्टरूम ड्रामा और निजी संघर्षों की पृष्ठभूमि पर आधारित यह नया सीजन धोखे, महत्वाकांक्षा और खुद की तलाश की कहानी के साथ भावनात्मक गहराई का शानदार संगम पेश करेगा. दीपक धर, फ़ाउंडर और ग्रुप सीईओ, बनिजय एशिया और एंडेमोलशाइन इंडिया ने कहा द ट्रायल सीज़न 2 की पहली झलक साझा करते हुए हमें बेहद खुशी हो रही है. यह सिर्फ़ नोयोनिका की पिछली यात्रा का विस्तार नहीं, बल्कि एक साहसी कदम है - जहाँ दांव और ऊँचे हैं, भावनाएँ और गहरी हैं और प्रदर्शन और भी दमदार. इस बार कहानी और ट्विस्ट दर्शकों को एक रोमांचक सफ़र पर ले जाएँगे.

### ऑडी डीलर पार्टनर्स का नया एश्योर्ड बायबैक प्रोग्राम

इंदौर. ऑडी इंडिया के देशभर के डीलरशिप्स ने नया एश्योर्ड बायबैक प्रोग्राम लॉन्च किया है. यह प्रोग्राम ग्राहकों को उनकी गाड़ी के भविष्य के मूल्य की गारंटी देता है, जिससे ग्राहकों का भरोसा मज़बूत होगा और त्योहारों के मौसम में लग्ज़री कारों की मांग को बढ़ावा मिलेगा. ऑडी इंडिया के हेड श्री बलबीर सिंह ढिल्लों ने कहा ऑडी का मालिक होना सिर्फ लग्ज़री का अहसास नहीं, बल्कि ग्राहकों के लिए मन की शांति भी है. हमारे डीलर पार्टनर्स का नया एश्योर्ड बायबैक प्रोग्राम ग्राहकों को कार बेचने के समय एक तय और पारदर्शी प्राइस देता है, साथ ही आसान फाइनेंसिंग और इंश्योरेंस विकल्प भी प्रदान करता है, जिससे कीमत के उतार-चढ़ाव का असर नहीं पड़ता. हमें विश्वास है कि यह प्रोग्राम त्योहारों के मौसम में लग्ज़री कार खरीद को और आसान और सुविधाजनक बनाएगा.

### क्रॉस जींस ने इंदौर में ओपन किए दो नए शोरूम

इंदौर. भारत की देशी जमीन से अंकुरित हुआ डेनिम ब्रांड क्रॉस जींस तेजी से सफलता की नई इबारतें लिख रहा है. ब्रांड ने अपने कदमों को विस्तार देते हुए इंदौर में दो नए एक्सक्लूसिव ब्रांड शोरूम की लॉन्चिंग की. ये दो नए शोरूम सिटाडेल फीनिक्स मॉल और सी 21 मॉल में हैं. इन शानदार शोरूम के जरिए ब्रांड, मध्यभारत के ग्राहकों के लिए कम्फ़र्टेबल फिटिंग और कंटेम्परारी फैशन प्रस्तुत करने के




अपने कमिटमेंट को पूरा कर रहा है. क्रॉस जींस के फाउंडर रवि पंजाबी ने कहा इंदौर में दो नए स्टोर्स की लॉन्चिंग को लेकर हम बहुत उत्साहित हैं. यह एक ऐसा शहर है जो वाइब्रेंट, ट्रेंड-कांशस और सही मायने में फैशन फॉरवर्ड है. क्रॉस में हम अपने ग्राहकों की नब्ज को समझते हैं और उसे रिस्पेक्ट देते हैं. इस कड़ी में इंदौर में इन दो नए स्टोर्स की ओपनिंग, ग्राहकों की पसंदीदा स्टाइल को उनके पास लाने की दिशा में बढ़ाया गया कदम है.

## मच्छरों और संक्रामक रोगों से बचाव के लिए निगम ने हर जोन को दी फॉगिंग मशीन

- महापौर ने किया फागिंग मशीन का वितरण
- 6 लाख 80 हजार एक फागिंग मशीन की कीमत

नव भारत न्यूज

**इंदौर. नगर निगम ने मच्छरों और संक्रामक रोगों से बचाव के लिए हर झोन में एक फागिंग मशीन तैनात कर दी है. आज महापौर ने सभी झोन अधिकारियों को फॉगिंग का वितरण किया. निगम द्वारा खरीदी गई एक थ्री व्हीलर फागिंग मशीन की कीमत 6 लाख 80 हजाद रुपए है.**

शहर में संक्रामक बीमारियों की रोकथाम एवं मच्छर जनित रोगों से जनता की सुरक्षा करने के उद्देश्य से नगर निगम निरंतर कदम उठा रहा हैं। इसी क्रम में आज महापौर पुष्यमित्र भार्गव द्वारा निगम मुख्यालय में 22 नई थ्री व्हीलर फॉगिंग मशीनों का वितरण किया गया. फागिंग मशीन से हर झोन वार्ड के साथ ही गली-मोहल्ले में वर्षाजनित बीमारियों तथा मच्छर मक्खी के रोकथाम के लिए काम किया जाएगा। इससे कम समय में ज्यादा काम भी होगा। आज 22 फागिंग मशीन 1-1 हर झोन को दी गई है. इस अवसर पर स्वास्थ्य प्रभारी अश्विनी शुक्ल, राजेश उदावत, पार्षद पंखुड़ी जैन, अपर आयुक्त मनोज पाठक, वर्कशॉप प्रभारी मनीष पांडे सहित संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद थे।



### शहरवासियों का स्वास्थ्य प्राथमिकता

महापौर भार्गव ने बताया कि शहरवासियों के स्वास्थ्य की सुरक्षा निगम की पहली प्राथमिकता है। वर्षा जनित बीमारियों की रोकथाम हेतु निगम के स्वास्थ्य अमले द्वारा घर-घर जाकर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है. साथ ही, फॉगिंग, लार्वा नाशक छिड़काव तथा स्वच्छता संबंधी गतिविधियां निरंतर चल रही है. महापौर भार्गव ने जनता से अपील की कि वे अपने घरों एवं आसपास पानी का ठहराव नहीं होने दें. सूखे व स्वच्छ वातावरण को बनाए रखें और निगम की टीम का सहयोग करें.

## पिछड़ा वर्ग आरक्षण देने को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन

नव भारत न्यूज

**इंदौर. आज पिछड़ा वर्ग आरक्षण देने को लेकर कांग्रेस ने कलेक्टर कार्यालय पर प्रदर्शन किया. कांग्रेस ने मांग की है कि राज्य सरकार के द्वारा पूर्व में जारी की गई अधिसूचना को रद्द किया जाएं. राज्य सरकार कानून में संशोधन कर ओबीसी वर्ग को 27% आरक्षण दें.**



आज दोपहर शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष चिंटू चौकसे एवं जिला अध्यक्ष विपिन वानखेड़े के नेतृत्व में कांग्रेस ने कलेक्टर कार्यालय पर प्रदर्शन किया और ज्ञापन दिया. ज्ञापन में मांग की गई कि मध्य प्रदेश में पिछड़ा वर्ग आरक्षण 14% से बढ़ाकर 27% किया जाएं। ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि उक्त मामले को लेकर सर्वोच्च न्यायालय में जो याचिकाएं लगी है, वह याचिकाएं आरक्षण की व्यवस्था के क्रियान्वयन को लेकर लगी हुई है. प्रदर्शन और ज्ञापन देने के दौरान शहर प्रभारी रवि जोशी, पंडित कृपा शंकर शुक्ला, राजेश चौकसे, विनय बाकलीवाल, सुरेश मिंडा, रघु परमार, रमेश उस्ताद यादव, शैलेश गर्ग, राजा चौकसे, पार्षद राजू भदौरिया, कुणाल सोलंकी, अनवर दस्तक, रफीक ख़ान, अनसाफ़ अंसारी, सादिक ख़ान, सेफ़ू वर्मा, सुदामा चौधरी, रीता डागरे, शशि हाड़ा, अमित चौरसिया, प्रमोद द्विवेदी, गिरधर नागर, संजय बाकलीवाल, विनोद चौकसे, अनिल यादव, प्रवेश यादव, सनी राजपाल, विकास जोशी, योगेंद्र मौर्य, राजा पटेल, शैलू सेन, गोविंद परिहार, गब्बर पवार, शिव गुर्जर, बब्बू यादव, इम्तियाज बेलिम, यश यादव, रजत पटेल, दौलत पटेल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे.

### कांग्रेस सरकार ने की थी पहल

चौकसे ने कहा कि मध्य प्रदेश में कमलनाथ के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार ने उस समय पर ओबीसी को 27% आरक्षण देने के लिए पहल की थी. भाजपा की सरकार के द्वारा इस मामले को लंबित रखते हुए कोई कारगर कदम पिछड़ा वर्ग के लिए नही उठाए जा रहे है.



## 31 युगलों द्वारा हंसदास मठ पर ऋषि पंचमी का सामूहिक उद्यापन

इंदौर. एरोड्राम रोड पीलियाखाल स्थित प्राचीन हंसदास मठ पर ऋषि पंचमी के उपलक्ष्य में गुरुवार को हंस पीठाधीश्वर श्रीमहंत स्वामी रामचरण दास महाराज एवं महामंडलेश्वर महंत पवनदास महाराज के सानिध्य में 31 युगलों द्वारा सप्त ऋषियों का पूजन किया गया.

मातृशक्तियों की ओर से जाने-अनजाने में की गई त्रुटियों से मुक्ति पाने और दोष मुक्त होने के लिए सप्त ऋषियों, कश्यप, अत्रि, भारद्वाज, विश्वामित्र, गौतम, जमदग्नि और वशिष्ठ का पूजन-हवन कर आरती भी की गई. महामंडलेश्वर महंत पवनदास महाराज ने ऋषि पंचमी का पौराणिक महत्व बताया और कथा भी बताई। हंसदास विद्यापीठ के वेदपाठी बटुकों ने भोज एवं दक्षिणा का लाभ प्राप्त किया। सभी 31 युगलों ने इस पूजा में शामिल होकर सप्तऋषि की कथा का श्रवण भी किया और सामूहिक उद्यापन के बाद सामूहिक भोज का भी आयोजन किया.

## साहित्य अकादमी के अखिल भारतीय सम्मान से अलंकृत हुई डॉ शोभा जैन

इंदौर. साहित्य अकादमी, मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद की ओर से रवीन्द्र भवन के अंजनी सभागार में अलंकरण समारोह सम्पन्न हुआ. इस अवसर पर साहित्य अकादमी के निदेशक डॉ विकास दवे ने बताया वर्ष 2022 और 2023 के लिए घोषित अखिल भारतीय, प्रादेशिक तथा मध्यप्रदेश की छह बोलियों के साहित्यिक पुरस्कारों के लिए चयनित कुल 81 रचनाकारों को अलंकृत किया गया.

समारोह के मुख्य अतिथि क्रिकेट कमेंटेटर पद्मश्री सुशील दोषी थे. प्राप्त जानकारी के अनुसार इंदौर से डॉ शोभा जैन को साहित्य अकादमी के अखिल भारतीय नारद मुनि सम्मान से अलंकृत किया गया. डॉ शोभा जैन विगत 15 वर्षो से साहित्य, शिक्षा और सामाजिक विषयों पर सक्रिय लेखन कर रही हैं. विगत कुछ वर्षो में निरंतर उनकी कई पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल होती रहीं हैं जिसने समाज के हर वर्ग को जागरूक किया. फेसबुक, ब्लॉग और सोशल मीडिया पेज के लिए दिये जाने वाले इस सम्मान ने सोशल मीडिया की गंभीरता को भी बढ़ाया है. डॉ जैन ने बताया मुझे वर्ष 2022 के लिए यह पुरस्कार मिला है.




समारोह | ओरिएंटल यूनिवर्सिटी दीक्षारम्भ 2025 : देशभक्ति और प्रेरणा से भरी नई शुरुआत

## जीवन अनिश्चित है, पर साहस और अनुशासन ही असली ताकत : तेवतिया

**इंदौर. ओरिएंटल यूनिवर्सिटी में दीक्षारम्भ- छात्र नव प्रवेशित कार्यक्रम 2025 उत्साह और देशभक्ति के माहौल में आयोजित किया गया. पूरा सभागार छात्रों से खचाखच भरा हुआ था, जहाँ नव प्रवेशित विद्यार्थियों ने अतिथियों का स्वागत गगनभेदी नारों भारत माता की जय और वंदे मातरम् से किया. कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहे शौर्य चक्र विजेता एवं मोटिवेशनल स्पीकर) पूर्व मार्कोस कमांडो प्रवीण कुमार तेवतिया और आर.जे. नवनीत.**



26/11 मुंबई आतंकी हमले के जांबाज़ योद्धा प्रवीण तेवतिया ने उस कठिन ऑपरेशन और बंधक परिस्थितियों के अनुभव साझा करते हुए कहा कि जीवन अनिश्चित है, पर साहस और अनुशासन ही असली ताक़त है. उन्होंने अपने जीवन के संघर्ष और आत्मपरिवर्तन की कहानी सुनाते हुए बताया कि कैसे उन्होंने हमले से बचने के बाद खुद को नई चुनौतियों के लिए तैयार किया और दौड़, तैराकी और साइक्लिंग में विश्वप्रसिद्ध आयरनमैन की 4 उपाधियाँ प्राप्त कीं. आज वे एक कमांडो टैक्टिकल ट्रेनर के रूप में कार्यरत हैं. उन्होंने छात्रों को संदेश दिया- कम से शुरू करो, एक दिन वही महान बन जाएगा। अपने लक्ष्य को साधते रहो. वहीं, आर.जे. नवनीत ने अपने उत्साह और ऊर्जावान संवाद से सत्र को हल्का-फुल्का और विद्यार्थियों के लिए और अधिक दोस्ताना बना दिया. कार्यक्रम में कुलाधिपति प्रवीण ठकराल एवं विधि संकाय की निदेशक सोनिया ठकराल ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं. कुलगुरू डॉ. अमोल गोरे ने ओरिएंटल यूनिवर्सिटी की सशक्त शैक्षणिक संस्कृति, प्रौद्योगिकी-सक्षम शिक्षण, कैंपस जीवन की विशेषताओं को साझा किया. विभिन्न संकायों के सभी अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष एवं संकाय सदस्य भी इस अवसर पर उपस्थित रहे.

### विद्यार्थी रील नहीं असली हीरो बनें

इस अवसर पर प्रो चांसलर

ओरिएंटल में हम मानते हैं कि देशभक्ति और अनुशासन वे प्रथम मूल्य हैं जिन्हें हम अपने विद्यार्थियों में पहले दिन से ही स्थापित करना चाहते हैं. हम चाहते हैं कि हमारे विद्यार्थी असली हीरो बनें, न कि केवल रील हीरो. प्रो चांसलर गौरव ठकराल ने कहा विद्यार्थियों को आत्मनिर्भरता सीखनी चाहिए. मैं सभी नए छात्रों को ओरिएंटल ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन्स की विरासत का हिस्सा बनने पर बधाई देता हूँ. रजिस्ट्रार डॉ. प्रद्युम्न यादव ने विद्यार्थियों के प्रश्नों के उत्तर दिए और उन्हें विश्वविद्यालय की संस्कृति से परिचित कराया. डीन अकादमिक्स डॉ.गरिमा घई ने कहा कि हम सामाजिक मूल्यों के साथ आगे बढ़ रहे हैं और विद्यार्थियों को कॉर्पोरेट-रेडी बनाने की विचारधारा पर काम कर रहे हैं.